आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 04.11.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय आज नई दिल्ली में वयो सम्मान राष्ट्रीय अभियान का शुभारंभ करेगा।

2. अंडमान क्लब में कार्यक्रम आयोजित करने के लिए एक सप्ताह पहले आवेदन करने की सलाह दी गई है।

3. मतदाता सूची का प्रारूप निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों के कार्यालयों में निरीक्षण के लिए उपलब्ध ।

4. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय आज नई दिल्ली में वयो सम्मान राष्ट्रीय अभियान का शुभारंभ करेगा। इसका उद्देश्य पीढ़ियों के बीच आपसी जुड़ाव को मजबूत करना और ऐसे समाज को बढ़ावा देना है, जो वरिष्ठ नागरिकों के अनुभव, समझदारी और योगदान का सम्मान करता हो। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार इस अभियान का औपचारिक शुभारंभ करेंगे। इसका लक्ष्य वरिष्ठ नागरिकों और युवा पीढ़ी के बीच सार्थक और निरंतर जुड़ाव को संस्थागत रूप देना है। मंत्रालय ने बताया है कि यह अभियान पीढ़ियों के बीच जुड़ाव को एक सामुदायिक आंदोलन के रूप में देखता है। इसके अंतर्गत परिवारों, शिक्षण संस्थानों, युवा संगठनों और स्वयंसेवी तथा स्थानीय संस्थाओं को प्रोत्साहित किया जाएगा कि वे विभिन्न आयु वर्गों के बालकों, युवाओं वयस्कों और वरिष्ठजनों के बीच सार्थक बातचीत और सहयोग के अवसर पैदा करें।

<><><><><><><>

भारत ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस–एआई के क्षेत्र में एक बड़ी पहल की है। सरकार ने कल तीन स्वदेशी एआई मॉडल का शुभारंभ किया। इनमें सॉकेट लैब्स का एका–1 और ज़ेन टेक आईक्यू के धीर–2बी और धीर–5बी मॉडल शामिल हैं। इनका उपयोग रक्षा, सरकारी सेवाओं, उद्योग और शिक्षा के क्षेत्र में किया जा सकेगा।

<><><><><><><>

कला एवं संस्कृति निदेशालय ने अंडमान क्लब में समारोह या कार्यक्रम आयोजित करने के इच्छुक सभी सरकारी विभागों, स्वायत्त निकायों, सांस्कृतिक संगठनों और गैर–सरकारी संगठनों को प्रस्तावित तिथि से कम से कम एक सप्ताह पहले अपने आवेदन प्रस्तुत करने की सलाह दी है। विभाग ने कहा कि आवेदन निर्धारित तिथि में जमा न करने के कारण सक्षम अधिकारी से प्रसंस्करण और स्वीकृति प्राप्त करने में देरी होती है। बुकिंग रद्द करने या कार्यक्रम को स्थगित

करने से संबंधित लिखित सूचना समारोह की निर्धारित तिथि से कम से कम दो दिन पहले जमा की जानी चाहिए। सूचना का पालन नहीं करने पर जमानत राशि वापस नहीं की जाएगी।

<><><><><><><><>

शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय साधन–सह–मेधा छात्रवृत्ति योजना के तहत शैक्षणिक वर्ष 2026–27 के लिए आवेदन की अंतिम तारीख बढ़ाकर 15 नवंबर कर दी है। मंत्रालय ने कहा कि छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करने से पहले विद्यार्थियों को पोर्टल पर वन टाइम रजिस्ट्रेशन यानी ओटीआर पूरा करना होगा। इस योजना के तहत पात्र विद्यार्थियों को हर साल 12 हजार रुपये की छात्रवृत्ति दी जाती है। यह राशि सीधे उनके बैंक खातों में भेजी जाती है। पहले से आवेदन कर चुके विद्यार्थियों को अपने आवेदन का सत्यापन 30 नवंबर तक संस्थान स्तर पर और 15 दिसंबर तक जिला स्तर पर कराना होगा। इस योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के मेधावी विद्यार्थियों को पढ़ाई जारी रखने के लिए प्रोत्साहित करना है। इसके तहत हर साल कक्षा नौ के पात्र विद्यार्थियों को एक लाख नई छात्रवृत्तियां दी जाती हैं। योजना के अंतर्गत विद्यार्थी कक्षा आठ के बाद कक्षा 12 तक अपनी पढ़ाई जारी रख सकते हैं।

<><><><><><><><>

आवास एवं संपदा अनुभाग ने वर्ष 2026–27 के लिए सामान्य पूल के अंतर्गत सरकारी आवास आवंटन के संबंध में दावे या आपत्तियां आज शाम 5 बजे तक सचिवालय में जमा किए जा सकते हैं। वरिष्ठता सूची aaga.andamannicobar.gov.in पर उपलब्ध है। प्रशासन के अनुसार, संबंधित विभागों के आहरण एवं संवितरण अधिकारियों और कार्यालय प्रमुखों से सत्यापित ऑनलाइन आवेदनों के आधार पर श्रेणीवार और आवास के प्रकार के अनुसार सूची तैयार की गई है।

<><><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीप समूह (नगरपालिका) (निर्वाचक नामावली की तैयारी और निर्वाचन संचालन) नियम, 1995 के नियम 10 के अनुसार निर्वाचक नामावली तैयार कर ली गई है। इसकी एक प्रति निरीक्षण के लिए निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी के कार्यालय में उपलब्ध है। इसके अलावा संबंधित सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों के कार्यालयों में भी इसकी प्रति उपलब्ध करा दी गई है। मतदाताओं से नामों को शामिल करने या हटाने के संबंध में सुझाव या आपत्ति प्रारूप 2 में 17 नवम्बर तक जमा करने को कहा गया है।

<><><><><><><><>

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस के उपलक्ष्य में 17 नवंबर को कक्षा नवीं से बारहवीं के छात्रों के लिए 'स्वच्छ वायु, हरित पृथ्वी– टिकाऊ जीवन की ओर एक कदम' विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह प्रतियोगिता सुबह 9 बजे से डॉलीगंज स्थित विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग

के अवेयरनेस हब में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों को चित्रकला सामग्री स्वयं लेकर आने की सलाह दी गई है। अधिक जानकारी के लिए पी. सेंथिल कुमार से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त कार्यालय में हाल ही में 'कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013' पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दक्षिण अंडमान की अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रियंका कुमारी ने की। इस सत्र का संचालन 'राइट्स फॉर ऑल' की संस्थापक अध्यक्ष रुबीना खातीब सिद्दीकी ने किया। कार्यक्रम के दौरान, रुबीना सिद्दीकी ने अधिनियम के प्रमुख प्रावधानों, उद्देश्यों और महत्व पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने एक सुरक्षित, सम्मानजनक और समावेशी कार्य वातावरण बनाने की आवश्यकता पर बल दिया।

<><><><><><><><>

टीबी–मुक्त कार्यस्थल पहल के तहत मायाबंदर स्थित डॉ. आर. पी. अस्पताल के जिला टीबी केंद्र की ओर से वन विभाग में आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रभागीय वन अधिकारी ए. सी. तिलक की उपस्थिति में आयोजित किया गया। इस अवसर पर चिकित्सा अधिकारी डॉ. रेखा ढाली और जिला कार्यक्रम समन्वयक वाई. माधव राव ने प्रतिभागियों को टीबी के लक्षणों, शुरुआती पहचान के महत्व, और मुफ्त निदान व उपचार सेवाओं की उपलब्धता के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में कुल 65 लोगों ने भाग लिया।

<><><><><><><><>

डिगलीपुर थाना पुलिस को राधा नगर के नया कटाई, क्षेत्र से रितेश एक्का नामक एक व्यक्ति के घायल होने की सूचना मिली। टीम ने मौके पर पहुंचकर उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया, जहां उसे मृत घोषित किया गया। इस संबंध में, जांच के दौरान, दो व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों को आज न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

<><><><><><><><>

जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में हाल ही में 'सुधार उत्सव' पहल के तहत 'संवैधानिक मूल्य, नागरिक जिम्मेदारी और सुशासन' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य संवैधानिक जागरूकता को बढ़ावा देना, नागरिक चेतना को मजबूत करना और छात्रों को एक लोकतांत्रिक समाज में जिम्मेदार नागरिकता तथा जवाबदेह शासन के महत्व के प्रति संवेदनशील बनाना था। इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्या डॉ. पर्ल देवदास ने कहा कि प्रभावी शासन चार मूलभूत स्तंभों–पारदर्शिता, जवाबदेही, जिम्मेदारी और ईमानदारी पर टिका होता

है। विषय विशेषज्ञ डॉ. बिटिन ठाकुर ने अपने व्याख्यान में संवैधानिक मूल्य, नागरिक जिम्मेदारी और सुशासन पर विस्तार से प्रकाश डाला।

<><><><><><><><>